शेरावाली मैया ताले किस्मत के खोल

शेरावाली मैया ताले किस्मत के खोल,
पहाड़ो वाली मैया ताले किस्मत के खोल,
ताले किस्मत के खोल मैया किस्मत के खोल.........

भेजा बुलावा मैया दौड़ा मैं आया,
चरणों में अपने दे दे आंचल की छाया,
ज्योतावाली मैया मुझसे नाता तू जोड़,
शेरावाली मैया ताले किस्मत के खोल.....

तू है ममता की मूरत मैहर माँ कर दे,
बेटा हूँ तुम्हारा सर पे हाथ माँ धर दे,
पहाड़ो वाली मैया बेटा कह के बोल,
शेरावाली मैया ताले किस्मत के खोल........

जाने पीर परायी जग में तू ही महामाई,
मैं बेटा हूँ गरीब तेरी चुनरी चढ़ाई,
मेरे घर भी बजवा मैया खुशियों के ढोल,
शेरावाली मैया ताले किस्मत के खोल........

दर्शन दिखाके मुझपे कर दे माँ मेहर,
कलियाँ कमल की तू माँ राह में बिखेर,
तेरी ममता का जग में मैया दूजा ना मोल,
शेरावाली मैया ताले किस्मत के खोल........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31245/title/sherawali-mayia-taale-kismat-ke-khol

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |